भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-178**

उत्तर देने की तारीख-21/07/2025

**विकाराबाद और बल्लारी में नवोदय विद्यालयों की स्थापना**

**:तुकाराम .श्री ई .**178†

**:श्री कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क्या सरकार को यह ज्ञात है कि विकाराबाद तेलंगाना के आर्थिक रूप से पिछड़े जिलों में से (क) लगातार तीन वर्षों से सबसे कम है और (जीडीडीपी) एक है जिसका सकल जिला घरेलू उत्पाद यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

क् (ख)या सरकार को तेंलगाना के विकाराबाद जिले और कर्नाटक के बल्लारी जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय स्थापित करने के लिए कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है या उसकी कोई योजना है और यदि हाँ तो, उनकी वर्तमान स्थिति क्या है;

क्या सरकार यह स्वीकार करती है कि विकाराबाद में जवा (ग)हर नवोदय विद्यालय स्थापित करने से इस आर्थिक रूप से पिछड़े जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने और शैक्षिक असमानता को कम करने में मदद मिलेगी; और

यदि हाँ (घ), तो सरकार का प्रस्ताव विकाराबाद और बल्लारी में जवाहर नवोदय विद्यालय को कब तक स्वीकृत और स्थापित करने का है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क): शिक्षा मंत्रालय में ऐसे किसी भी डेटा का अनुरक्षण नहीं किया जाता है।

(ख) से (घ): नवोदय विद्यालय योजना में देश के प्रत्येक जिले में एक नवोदय विद्यालय (एनवी) खोलने की परिकल्पना की गई है। नए नवोदय विद्यालयों को खोलना एक सतत प्रक्रिया है जो संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की स्थायी भवन के निर्माण के लिए अपेक्षित

उपयुक्त भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराने तथा स्थायी भवन के निर्माण होने तक विद्यालय संचालन के लिए अपेक्षित अस्थायी भवन निःशुल्क उपलब्ध कराने की इच्छा पर निर्भर करती है। नए एनवी की स्वीकृति और उनको खोलना मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदान किए गए अनुमोदन पर निर्भर करता है।

नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में तेलंगाना और कर्नाटक राज्य में क्रमशः 09 एनवी और 31 एनवी कार्यात्मक हैं। भारत सरकार ने दिसंबर 2024 में तेलंगाना राज्य में 07 एनवी (अर्थात जगतियाल, निज़ामाबाद, भद्राद्री-कोठागुडेम, मेडचल-मलकजगिरी, महबूबनगर, सांगा रेड्डी और सूर्यापेट) और कर्नाटक राज्य के बल्लारी में 01 एनवी सहित 28 नए एनवी को संस्वीकृति प्रदान की। तेलंगाना के विकाराबाद जिले में वर्तमान में कोई भी नवोदय विद्यालय नहीं है।

*****